जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 61 | अंक-3 | जयपुर, सोमवार, 20 जनवरी, 2025 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## मनु भाकर और डी गुकेश को मिला खेल रत्न, 32 खिलाड़ियों को मिले अर्जुन अवॉर्ड

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदान किए पुरस्कार

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** दो ओलंपिक पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर और शतरंज वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से जब मेजर ध्यानचंद खेलरत्न सम्मान लेने पहुंचे तो तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया गया। इनके अलावा भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालम्पिक गोलड मेडलिस्ट हाई जंप के खिलाड़ी प्रवीण कुमार को भी देश का सर्वोच्च खेल सम्मान यहां राष्ट्रपति भवन में प्रदान किया गया।

हरमनप्रीत टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली हॉकी टीम के सदस्य थे। पेरिस ओलंपिक में वह टीम के कप्तान भी थे। दूसरी ओर बायें पैर में विकार के साथ पैदा हुए प्रवीण ने टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता और पेरिस में उसे स्वर्ण में बदला। अर्जुन पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों में पेरिस ओलंपिक ब्रान्ज मेडलिस्ट पहलवान अमन सेहरावत, निशानेबाज स्वप्निल कुसाले, सरबजोत सिंह और पुरूष हॉकी टीम के सदस्य जरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, संजय और अभिषेक शामिल हैं।

इस बार अर्जुन पुरस्कार विजेताओं की सूची में पैरा-एथलीटों की संख्या शारीरिक रूप से सक्षम खिलाड़ियों से अधिक रही, क्योंकि पेरिस पैरालंपिक में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था, जिसमें उन्होंने सात स्वर्ण और नौ रजत सहित 29 पदक जीते थे।



22 वर्षीय मनु भाकर पिछले अगस्त में 10 मीटर एयर पिस्टल सिंगल्स और 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर ओलंपिक के एक ही एडिशन में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली एथलीट बनीं।

18 साल के गुकेश पिछले महीने चीन के डिंग लिरेन को हराकर अब तक के सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बने। वह महान चेस चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे दूसरे भारतीय हैं।



## श्री शिरडी साईं मंदिर के चतुर्दश पाटोत्सव के पोस्टर का हुआ विमोचन हुआ

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के ईटावा भोपजी स्थित श्री शिरडी साईं मंदिर के चतुर्दश पाटोत्सव के पोस्टर का विमोचन रेलवे स्टेशन रोड स्थित साईं भक्त बाबूलाल सैनी के निवास स्थान पर सत्संग आयोजन के बीच हुआ । सत्संग के दौरान उपस्थित साईं भक्त झूमने लगे।

साईं मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि श्री शिरडी साईं मंदिर का तीन दिवसीय चतुर्दश पाटोत्सव 1 फरवरी से 3 फरवरी तक मनाया जाएगा। 1 फरवरी को श्री राम भक्त मंडल द्वारा शाम 5:15 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा । 2 फरवरी को प्रातः 10 बजे से हवन और दोपहर 12:15 बजे से बाबा का अभिषेक और श्रृंगार किया जाएगा । वहीं अंतिम दिन 3 फरवरी को प्रातः 10:15 बजे से विशाल साईं सत्संग, प्रातः 11:15 बजे से विशाल कन्या प्रसादी और दोपहर 1 बजे से संतो द्वारा आशीर्वचन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

पोस्टर विमोचन के दौरान गीतांजलि आश्रम के ओम निरंजन दास महाराज, मनोज सैनी, विमला देवी, आशा देवी, रामलाल बागड़ा, बाबूलाल, नेमीचंद, मुकेश, शिमला देवी, छुट्टन देवी, अनीता देवी आदि साईं भक्त मौजूद रहे ।

## 50 फीट गहरे कुएं में गिरी गाय, 2 घंटे की मशक्कत के बाद गौ रक्षकों ने निकाला बाहर

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं उपखंड के ग्राम सिंगोद कला में मनसा माता मंदिर के पास प्राचीन बावड़ी में करीब 50 फीट गहरे खुले कुएं में गाय गिर गयी। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना गौ रक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत को दी।



मौके पर पहुंचे गौरक्षक शेरसिंह कुमावत व रामरतन लोच्छिब ने कुएं में उतरकर करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद क्रेन की सहायता से गाय को बाहर निकाला, लेकिन कुआँ बहुत सकरा होने और गाय की गंभीर चोटों के कारण रेस्क्यू के दौरान मौत हो गयी।

गौरक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत ने आमजन से अपील की है कि खुले कुँए और बोरवैल के कारण आये दिन हादसे हो रहे हैं । ये बड़े हादसों को न्योता दे रहे हैं । प्रशासन भी खुले कुओं और बोरवैल को बंद करवाने के लिए पुरजोर लगा हुआ है। आपके आसपास भी कोई खुला कुआँ व बोरवैल हो तो उसे ढखवाएं ताकि भविष्य में होने वाली किसी अनहोनी घटना से बचा जा सके। इस दौरान गौरक्षक राजू फौजी, राजेंद्र गोस्वामी, कालूराम मीणा, राहुल मीणा, मोहम्मद सलाम, रूड़मल मीणा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## अनूठी पहल: संस्कार सृजन संस्था ने मकर संक्रांति पर जरूरतमंद लोगों को बांटे तिल के लड्डू

**चौमूं (हमारा वतन)।** मकर संक्रांति का पर्व सूर्य देव को समर्पित होता है । इस दिन सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते हैं । इसे धार्मिक दृष्टि से खास महत्व दिया गया है, ऐसा माना जाता है कि इस दिन दान करने से न केवल पुण्य मिलता है बल्कि यह हमारे पापों को भी नष्ट करता है । दान के जरिए व्यक्ति स्वास्थ्य, समृद्धि और शांति प्राप्त कर सकता है ।

इसी कड़ी में 19 वर्षों से जरूरतमंदों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाली चौमूं तहसील के सामोद रोड नीमड़ी, मोरीजा स्थित संस्कार सृजन संस्था द्वारा आज मकर मकर संक्रांति से पूर्व जरूरतमंदों को तिल के लड्डू वितरित किए गए। संस्था अध्यक्ष राम गोपाल सैनी ने बताया कि हमारी संस्था हमेशा जरूरतमंदों की सेवा में तत्पर रहती है। प्राणी मात्र की सेवा के लिए हम सभी को तैयार रहना चाहिए। जन्मदिन,शादी की वर्षगांठ और पुण्यतिथि सहित विशेष दिवस पर हमेशा सामाजिक सरोकार के कार्य करने चाहिए, जिससे जरूरतमंद लोगों की मूलभूत आवश्यकताएं पूरी हो सकें।



संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत ने बताया कि भगवान ने यह जीवन किसी विशेष उद्देश्य के लिए दिया है, इसलिए मानवता निभाते हुए सेवा के कार्य करने चाहिए। सभी धर्म में दान का विशेष महत्व बताया गया है, इसलिए अपनी श्रद्धा अनुसार दान जरूर करना चाहिए। वहीं पत्रकार गोविंद सैनी ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान और दान पुण्य का विशेष महत्व है, जब भी मौका मिले सेवा का मौका छोड़ना नहीं चाहिए।

इस सेवा कार्य में पत्रकार गोविंद तिवाडी, संस्था उपाध्यक्ष संदीप शर्मा, मंत्री दिनेश कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष सुमित्रा देवी माली, संरक्षक प्रभाती लाल सैनी, प्रद्युम्न कुमार सैनी, मोहन सैनी, रामेश्वरी देवी, श्याम लाल सैनी, प्रहलाद सैनी, लक्ष्मी नारायण सैनी, सुरेंद्र कुमार सैनी, किरण सैनी, कविता सैनी, कोमल सैनी, रजनीश सैनी, स्वाति सैनी, हार्दिक सैनी, भास्कर सैनी, स्मृति सैनी, सिद्धार्थ सैनी सहित संस्था के सभी कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

अंबेडकर विकास समिति चौमूं
जिला-जयपुर द्वारा संचालित केंद्र एवं भंडार

1. कताई बुनाई उत्पत्ति केंद्र, हाथनौदा, तहसील-चौमूं,- जिला जयपुर
2. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बुनकर बस्ती चौमूं, जिला- जयपुर 303702
3. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बजाज नगर, जयपुर
4. खादी ग्रामोद्योग भंडार, पहाड़ा, कालक्या माता आरटीओ रोड, उदयपुर 313001

हमारे उत्पाद
दरी, फ़र्श,खेश, आलमारी, टेबल, स्टूल, मसाला एवं अन्य ग्रामोद्योग सामान




मोहन लाल बुनकर, अध्यक्ष | रामजी लाल वर्मा, मंत्री | शंकर लाल वर्मा, सहा. मंत्री




हमारा वतन समाचार पत्र की ओर से
सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं!

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**खादी मंदिर**

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित)

पब्लिक पार्क के पास, खादी परिसर बीकानेर

**हमारे विशेष उत्पादन**

सूती खादी , प्रसिद्ध सूती गाढ़ा, दो सूती, छींट, दरी, फर्श इत्यादि
ऊनी खादी का उत्पादन हमारी विशेषता है

फूसराज छलांणी - अध्यक्ष मो.9435037303
इन्द्रभूषण गोईल- मंत्री मो.9314443703

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**राजस्थान खादी विकास मण्डल**

गोविंदगढ़ - मलिकपुर, जिला - जयपुर (राजस्थान)
पिन-303712, संपर्क -7597928160

खादी आर्थिक आज़ादी की प्रतीक है,
खादी वर्गभेद को मिटाती है

खादी व ग्रामोद्योग अपनाइए, यह पर्यावरण के अनुकूल है।

**संस्था के बिक्री केन्द्र**

खादी भण्डार, बापू बाजार- उदयपुर, खादी भण्डार, एम. आई. रोड- जयपुर, खादी भण्डार- सीकर, खादी भंडार- रेनवाल, खादी भण्डार - नवलगढ़, खादी आश्रम - सांभर लेक, खादी आश्रम - दांतारामगढ़, खादी आश्रम -बांसा और खादी आश्रम -गोविंदगढ़।

**संस्था के मुख्य उत्पाद** - सूती खादी, दरी कामदार, ऊनी खादी - जेंट्स शॉल, लेडीज़ शॉल, ट्वीड व रेडीमेड।
पोलिवस्त्र - टीटी, शर्टिंग गाढ़ा ।
अखाद्य तेल से निर्मित कपड़े धुलाई का साबुन
और सभी प्रकार का स्टील फर्नीचर।

कृपया हमारे उपरोक्त भंडारों से खादी व ग्रामोद्योग खरीद कर अनुग्रहित करें।

निवेदक - समस्त संस्था परिवार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**जनकल्याण खादी ग्रामोद्योग संस्थान**

सरकारी स्कूल के पीछे,बुनकर बस्ती,कंवरपुरा कुम्भपुरिया,
तहसील-चौमूं, जिला-जयपुर (राज.) -303804,
संपर्क -9799659939

**बिक्री केंद्र**

कुम्भपुरिया,चौमूं, जयपुर (राज.), शिकारगढ़ ,जोधपुर (राज.),

प्रमुख उत्पाद - सूती खादी, ऊनी, रेशमी, पोलिवस्त्र एवं ग्रामोद्योग उत्पाद ।

हर हिन्दुस्तानी का एक ही नारा
खादी वस्त्र के साथ विचार हमारा !

संरक्षक - ओमकार मल गहलोत

अध्यक्ष - गंगाराम वर्मा
उपाध्यक्ष - सुरेश कुमार
मंत्री - पूरणमल बुनकर
व्यवस्थापक - हीरा देवी




# रक्तदान से बड़ा पुण्य नहीं- पूर्व विधायक रामलाल शर्मा

**चौमूं (हमारा वतन)।** जयपुर रोड स्थित ममता ब्लड सेंटर में स्वर्गीय भास्कर सोरेला की 10 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में 40 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और कहा कि रक्तदान महादान है,रक्तदान से बड़ा पुनीत काम कोई नहीं है। भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन यादव ने भी रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला।



इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष एन.आर. यादव, अभिषेक सोरेला, मोहन जलुथरिया, सूरज भान सारण, शैलेन्द्र भोमाका, नवीन गोठवाल, पंकज गोठवाल, हरीश वर्मा, नितिन गोठवाल, राहुल बिंवाल, आशीष गोठवाल आदि उपस्थित रहे।

## अनुपम यादें

गुज़रते वक्त के साथ-साथ,
बिखर गई सब अनुपम यादें।
पलकों पर पिघलती पल-पल,
भीगी-भीगी सी कुछ फरियादें।

सन्नाटों में घुली कहानियाँ,
धीमे से कानों में गूंजती हैं।
स्मृतियों की हर दस्तक पर,
आँखें खुद-ब-खुद भरती हैं।

ख़ामोशी की परछाइयों तले,
कहानियां फिर से जागती हैं।
दिल के किसी कोने में बैठकर,
पुराने ख्वाबों से जो बांधती हैं।

हर मोड़ पे साया तन्हाई का,
हरेक साँस में एक सिसकी है,
चाहा था जिसको पूरा करना,
आखरी वह कहानी अधूरी है।
चाहत थी सूरज संग चलना,
किंतु छाँव से नाता जुड़ गया।
आंखों में जो सपना संजोया,
वक्त की धारा संग बह गया।

**महेन्द्र सिंह कटारिया,**
**सीकर, राजस्थान**

## रोम रोम में राम

## (इकराम सतसई)

कड़ी 17



भगवान राम, हमारी आस्था के विश्वास हैं, इस
समस्त सृष्टि की श्वांस हैं !
सारे जगत के हैं!
जिन मुस्लिम कवियों और शायरों ने राम
और कृष्ण पर लेखनी चलाई है।
उन राष्ट्र भक्त महान व्यक्तियों की परंपरा में ,
आज के युग में इकराम राजस्थानी
राष्ट्र रत्न का नाम अग्रणी है !

**प्रस्तुत है उनकी लेखनी का ये साप्ताहिक धारावाहिक**

81. राम किसी दल के नहीं,नहीं वो सत्ताधीश!
 वो स्वामी संसार के,झुका रहे सब शीश!!
82. भारत और अमेरिका,चीन और जापान!
 अपने अपने ढंग से,करें राम का ध्यान!!
83. त्राहिमाम तो कर रहा, अब सारा संसार !
 कब आओगे राम जी,तुम करने उद्धार, !!
84. डाकू भी ऋषि बन गए,करें कृपा जब राम!
 बाल्मिकी का विश्व में, हुआ नाम सरनाम!
85. राम तुम्हारे नाम की,महिमा अपरंपार!
 पत्थर भी तिरने लगे,किया समंदर पार !!



**इकराम राजस्थानी**

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**नागौर जिला खादी ग्रामोद्योग संघ**

बासनी रोड़, नागौर (राज.) फोन : 01582-240464

गांधीजी की शोषण मुक्त, श्रमनिष्ठ नई समाज रचना के लिए प्रतिबद्ध

संस्था द्वारा उत्पादित ऊनी, खादी, मेरीनो, देसी, मिक्स मेरीनो तथा पोली वूल माल, कोटिंग, लेडीज शाल , राजीव शाल , मफलर, होजरी ,कोट, जाकेट, गाऊन, जर्सी, स्वेटर, टोपा, दस्ताना, पट्टू आदि

**संस्था के केन्द्र**
उत्पादन केंद्र : 4 बिक्री भण्डार : 6
कार्डिंग प्लांट : 1 होजरी प्लांट : 1

खादी भंडार एम्पोरियम संस्था प्रांगण, नागौर
केंद्रीय वस्त्रागार - खादी स्ट्रीट, रानी बाजार, बीकानेर (राज.)
फोन : 0151-2544040

अर्जुनदास वैष्णव- अध्यक्ष मो. 9001019876
इंद्र भूषण गोईल - उपाध्यक्ष मो. 9314443703
त्रिलोकराम गर्ग - मंत्री मो. 9251284893

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**भरतपुर जिला खादी ग्रामोद्योग समिति, भरतपुर -231001**

बापू के सपनों को साकार करें, ताकि देश स्वावलम्बी बन सके।

❒ सूती खादी, ऊनी खादी, रेशमी खादी
❒ ग्रामोद्योग को बेरोजगारी निवारण हेतु अपनाएं

**शाखा केन्द्र**
कामा , डीग, नगर , रूपवास, नदबई
खादी निकेतन भरतपुर, खादी भण्डार, भरतपुर
खादी - प्रतिष्ठान भरतपुर, चर्म केन्द्र आदि।

संजीव गुप्ता - अध्यक्ष
राजेंद्र प्रसाद शर्मा - मंत्री
दाउ दयाल सिंघल - सह मंत्री

## जॉब्स

1. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड आरआरबी, पद ग्रुप डी, पद संख्या 32000, अंतिम तिथि 22 फरवरी 2025
2. डीएफसीसीआईएल, पद एमटीएस व अन्य, पद संख्या 642, अंतिम तिथि 16 फरवरी 2025
3. इंडियन एयर फोर्स, पद वायु अग्निवीर, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 27 जनवरी 2025
4. डीएसएसएसबी, पद पीजीटी, पद संख्या 432, अंतिम तिथि 14 फरवरी 2025
5. आरपीएससी, पद असिस्टेंट प्रोफेसर, पद संख्या 575 अंतिम तिथि 10 फरवरी 2025
6. एआईआईएमएस, पद विभिन्न पोस्ट, पद संख्या 4591, अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025
7. डीएसएसएसबी, पद लाइब्रेरियन, पद संख्या 7, अंतिम तिथि 7 फरवरी 2025
8. आरएसएमएसएसबी, जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट एंड अकाउंट असिस्टेंट, पद संख्या 2600, अंतिम तिथि 6 फरवरी 2025



## बॉलीवुड में दोस्ती और डेटिंग के सवाल पर खुलकर बोलीं कंगना रनौत, कहा- वो भी तो फैमिली ही है...

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी लंबे इंतजार के बाद फाइनली सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म के रिलीज को लेकर काफी विवाद हुआ। इस फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स के अच्छे रिव्यू मिल रहे हैं। इसी बीच अब कंगना रनौत का लेटेस्ट इंटरव्यू चर्चा में बना हुआ है। इस इंटरव्यू में कंगना ने बॉलीवुड की दोस्ती से लेकर डेटिंग तक के सवाल पर खुलकर बात की।

**बॉलीवुड की दोस्तीपर बोलीं कंगना**–कंगना रनौत हाल ही में शुभंकर मिश्रा के पॉडकास्ट का हिस्सा बनीं। इस दौरान शुभंकर ने उनसे कई दिलचस्प सवाल किए। ऐसे में जब कंगना से पूछा गया कि बॉलीवुड में उनका कोई दोस्त है तो इस पर एक्ट्रेस का जवाब सुन खुद शुभंकर हैरान रह गए। कंगना ने कहा, बॉलीवुड में ऐसा कोई नहीं, जिससे दोस्ती की जाए। मेरे लिए दोस्ती का मतलब है, जिससे आप कुछ सीख सकें। साथ में बियर पीने या वक्त बिताने से कोई दोस्त नहीं बनाता। इसके साथ ही कंगना ने आगे कहा कि वो विजेन्द्र प्रसाद जी को अपना दोस्त मानती है, क्योंकि उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इसके साथ ही कंगना ने कुछ और भी नाम लिए।



## सैफ अली खान पर हमले के बाद फूटा रवीना टंडन का गुस्सा, कहा- सेलेब्रिटीज को निशाना बनाया जा रहा है...

बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर उनके ही घर में हुए हमले ने सभी को चौंका कर रख दिया है। सैफ अली खान के घर देर रात चोर ने घुसकर उन पर हमला कर दिया। इसमें एक्टर के शरीर में कई जगह चोटें आई हैं। उन्हें तुरंत ही मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना ने न सिर्फ फैंस बल्कि स्टार्स को भी हिला कर रख दिया। स्टार्स सैफ पर हुए हमले को लेकर अपने रिएक्शन देते नजर आ रहे हैं। ऐसे में अब रवीना टंडन ने भी इस मामले पर प्रतिक्रिया दी है।

**इस घटना पर रवीना ने जताई नाराजगी**–बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन ने सैफ अली खान पर हुए हमले को लेकर अपने एक्स ट्विटर पर एक पोस्ट शेयर कर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने अपने पोस्ट में बांद्रा जैसे इलाके के असुरक्षित बताया है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, एक सेफ रेसिडेंशियल एरिया था में मशहूर हस्तियों (सेलेब्रिटीज) और सॉफ्ट टारगेट को निशाना बनाना अब आम बात हो गई है।


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

# राजस्थान खादी संघ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

पोस्ट खादीबाग 303702 चौमूं, जयपुर

देश को आर्थिक गुलामी से बचाने, पिछड़े वर्ग एवं बेरोजगार लोगों को राहत पहुंचाने तथा विषमता निवारण में सहयोग देने हेतु खादी एवं ग्रामोद्योग वस्तुएं अपनाइए

राजस्थान खादी संघ के समूचे राजस्थान प्रदेश में स्थित बिक्री केंद्र

❒ खादीघर, एम आई रोड, जयपुर ,खादी भंडार, जौहरी बाजार,खादी भण्डार अम्बर भवन, बापूनगर जयपुर, ग्राम शिल्प जवाहर नगर, जयपुर एवं खादी भंडार अजमेर, पाली, भीमगंज मंडी (कोटा), कैथून (कोटा), राजस्थान खादी संघ।

❒ खादी भंडार जोधपुर, चुरू, रतनगढ़ ,राजगढ़ ,सरदारशहर, राजलदेसर, भादरा, तारानगर, खादीबाग ,खादी भंडार चौमूं ,कालाडेरा और निवाणा ।

हमारे उत्पाद

सूती, ऊनी ,रेशमी खादी, पोली वस्त्र, कोटा डोरिया, साड़ियां एवं स्टील फर्नीचर, साबुन, अगरबत्ती, तेल, शुद्ध मसाले, चर्म सामान आदि ग्रामोद्योगी वस्तुएं खरीदिए।

ललित कुमार सैनी : अध्यक्ष
गोविंद कुमार मिश्रा : मंत्री
चमेल सिंह : उपाध्यक्ष
महेश कुमार शर्मा : सहायक मंत्री



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

# ग्रामोद्योग समिति बांसवाड़ा

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित) फोन - 0296 - 2243518

❈ खादी भंडार, सब्जी मंडी, बांसवाड़ा - फोन 22427 87
❈ ग्राम शिल्प, राती तलाई, बांसवाड़ा
❈ खादी ग्रामोद्योग भंडार, प्रतापगढ़ (चित्तौड़गढ़)
❈ खादी उत्पादन केंद्र ,बागीदौरा (बांसवाड़ा)
❈ खादी मंदिर, कलेक्ट्री के सामने, बांसवाड़ा
❈ खादी ग्रामोद्योग भंडार, घाटोल
❈ खादी निकेतन, बागीदौरा
❈ लुहारी उत्पादन केंद्र, बांसवाड़ा

सभी प्रकार की सूती-ऊनी खादी, दरी, फर्श, ऊनी कंबल, रेडीमेड सूती ऊनी तथा ग्रामोद्योगी वस्तुओं व लोहवस्तु ऑफिस एवं गृह उपयोगी सामान का प्राप्ति स्थल

मृदुला सामवेदी - अध्यक्ष
स्वदेशी महत्ता याने अपनी महत्ता
इच्छा शंकर शर्मा - मंत्री



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

# हाड़ौती खादी ग्रामोद्योग समिति, कोटा

पिछड़े वर्गों का उत्थान करने, बेरोजगार हाथों को पूर्णकालिक या आंशिक काम देने और राष्ट्रपिता बापू के सपनों को साकार करने के लिए खादी और ग्रामोद्योगी वस्तुओं का प्रयोग कीजिए।

हमारे बिक्री भण्डार

❒ खादी भण्डार रामपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार बूंदी ❒ खादी भण्डार झालावाड़ ❒ खादी भण्डार बारां ❒ खादी भण्डार इटावा ❒ खादी भण्डार केशवपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार सवाई माधोपुर

उत्पादन केन्द्र

- खादी आश्रम कोटा
- खादी आश्रम बूंदी
- खादी आश्रम मांगरोल
- खादी आश्रम अटरू

**विशेषता:** कोटा डोरिया साड़ी, सूती खादी ,पोलीवस्त्र , दरी फर्श का प्रमुख उत्पादन।

**अटरू विशेष योजना कार्यक्रम :** हाडौती खादी ग्रामोद्योग समिति कोटा द्वारा बारां जिले के अटरू पंचायत समिति में विशेष रोजगार।

रविभूषण शिरोमणि - अध्यक्ष
राधेश्याम गुप्ता - उपाध्यक्ष



कमल किशोर शर्मा - मंत्री
प्रवीण कुमार शर्मा - मुख्य व्यवस्थापक



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

खादी भारत Khadi India

# खादी ग्रामोद्योग भण्डार



(अखिल भारतीय खादी ग्रामोद्योग द्वारा प्रमाणित)

- प्लाट नं. 65 बी, बौद्ध विहार कॉलोनी, कचोलिया रोड वार्ड नं.18 , चौमूं जिला - जयपुर
म.नं. 3252 , जयलाल मुंशी का रास्ता, आखिरी चौराहा , संतोषी माता मंदिर के पास, चांदपोल बाजार, जयपुर - राज.
- रोड़ नं.1, रामा टेलीकॉम के सामने, मुरलीपुरा, जयपुर, मो.- 9782658589

हर प्रकार की खादी व रेडीमेड वेस्टर्न कुर्ता, पायजामा , दरीफर्श , दरियां , खेश , बेडशीट, डरीपट्टी, रजाई , गद्दी, डस्टर, बस्ता, ग्रामोद्योग साबुन , स्टील फर्नीचर, फुटकर व सरकारी सप्लाई के लिए संपर्क करें

हरिनारायण शर्मा, चौमूं द्वारा संचालित मो.9829161216



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

# लोक सेवा समिति, नगर ( जिला - भरतपुर)

हमारे खादी उत्पादन
दरी, फर्श, गाढ़े , जे.डी. 4, जाजम, कम्बल आदि

ग्रामोद्योग उत्पाद
शुद्ध घाणी तेल (पावन घाणी), सागर साबुन व सर्फ

आचार, मुरब्बा में लोहे का सब प्रकार का सामान

हमारे बिक्री भण्डार : ■ नगर, पहाड़ी , लक्ष्मणगढ़
■ ग्राम शिल्प- बस स्टैंड , नगर, ■ मादीपुर - नई दिल्ली

बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करायें : निर्धारित छूट का लाभ उठाएँ

दीनदयाल शर्मा - अध्यक्ष
धर्मवीर सिंह - उपाध्यक्ष
राजेंद्र प्रसाद शर्मा - मंत्री

टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# काम के घंटे बढ़ाकर फायदा नहीं, नुकसान ज्यादा


राम गोपाल सैनी

कंपनियों के सीईओ, चैयरपर्सन और आला अधिकारियों द्वारा यह तय करने का चलन बढ़ चला है कि कर्मचारियों को कितने घंटे काम करना चाहिए। इसकी शुरुआत नारायणमूर्ति के 70 घंटे के कार्य-सप्ताह के सुझाव से हुई, जो अब एलऐंडटी के चेयरमैन के इस सवाल तक पहुंच गई है कि 'आप अपनी पत्नी को कितनी देर तक निहार सकते हैं?' उन्होंने यह भी जोर दिया कि कर्मचारियों को रविवार सहित सप्ताह में 90 घंटे काम करना चाहिए। हालांकि, इन लोगों के वेतन-भत्ते आदि को लेकर तमाम तरह के तर्क भी दिए जाते हैं, जो रोजाना के 15-20 लाख रुपये तक हो सकता है, पर जिन कर्मचारियों को वे अपनी तरह काम करने को कह रहे हैं, वे आमतौर पर औसतन 2,000 से 2,500 रुपये हर दिन कमाते हैं। वैसे, हमें यहां पर यह भी पता लगाना चाहिए कि लंबी कार्यावधि से उन कंपनियों को कितना लाभ हो रहा है, जिनका ये नेतृत्व कर रहे हैं? यह सही है कि आज की तेज-रफ्तार दुनिया में कई उद्योगों में लंबे समय तक काम करने का दबाव एक आम अपेक्षा बन गई है, पर लंबे समय तक काम करने से उत्पादकता और रचनात्मकता बढ़ने संबंधी धारणा महज एक भ्रांति है। असलियत में, इससे उत्पादकता व रचनात्मकता, दोनों कमजोर हो सकती हैं और कर्मचारियों की सेहत पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ सकता है। दरअसल, उत्पादकता को अक्सर एक तय समय-सीमा के भीतर किए गए काम की मात्रा के रूप में परिभाषित किया जाता है और इसका काम के घंटों से सीधा आनुपातिक रिश्ता नहीं होता। जबकि, कुछ लोग मानते हैं कि अतिरिक्त घंटे काम करने से अधिक काम होता है। मगर अधिक काम करने से दक्षता पर असर पड़ सकता है, क्योंकि एक बार जब कर्मचारी थकान के एक निश्चित बिंदु पर पहुंच जाता है, तो ध्यान केंद्रित करने व एकाग्रता की उसकी क्षमता कम हो जाती है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के एक शोध से पता चलता है कि दक्षिण कोरिया जैसे लंबे कार्य-घंटे वाले देशों की उत्पादकता अधिक हो, यह जरूरी नहीं है। इसके उलट, नीदरलैंड जैसे देशों की, जो काम के घंटों को लेकर कहीं अधिक संतुलित नजरिया रखते हैं, उत्पादकता दर कहीं अधिक है। ऐसा जाहिर तौर पर कर्मचारियों में थकान आने के बाद सर्वोच्च देने की क्षमता में आने वाली कमी के कारण होता है। इतना ही नहीं, लगातार अधिक काम करने से शारीरिक और मानसिक थकावट हो सकती है। जिससे कर्मचारी बीमार हो सकते हैं और उन्हें छुट्टी लेनी पड़ सकती है। रही बात रचनात्मकता की, तो किसी भी कार्यस्थल का यह सबसे मूल्यवान कौशल है। यह नए विचारों को विकसित करने, दक्षता बढ़ाने और जटिल समस्याओं का समाधान ढूंढ़ने के लिए आवश्यक है। शोध बताते हैं कि जब कर्मचारी नियमित रूप से काम से ब्रेक लेता है और कामकाज व जीवन में संतुलन बनाता है, तो उसकी रचनात्मकता बढ़ती है। इसके उलट, अधिक देर तक काम करने से मानसिक थकान होती है और उसकी रचनात्मकता कुंद पड़ने लगती है। काम की लंबी कार्यावधि कर्मियों में तनाव, चिंता और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ा सकती है, जिससे कंपनी की कमाई पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। ऐसी कंपनियों से प्रतिभाशाली पेशेवर छिटक सकते हैं। साफ है, कर्मियों में संतुष्टि और कंपनी से उनका जुड़ाव बनाए रखने के लिए निजी समय की उनकी जरूरतों को समझना अहम है।

# आभारः माली समाज के निवर्तमान अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी का जताया आभार

**जयपुर (हमारा वतन)।** माली समाज विकास समिति चौमूं के निवर्तमान अध्यक्ष घीसालाल सैनी ने निवास पर अपने द्विवर्षीय सफलतम सेवाकाल पूर्ण होने पर संरक्षक मंडल,कार्यकारिणी पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, समाज के भामाशाह, कार्यकर्ता, मीडिया साथी सभी को सहयोग के लिए समारोह आयोजित कर आभार प्रकट किया। साथ ही नवनिर्वाचित अध्यक्ष हीरा लाल पांच्या, वरिष्ठ उपाध्यक्ष माया सांखला, महामंत्री मदन मालेरिया और कोषाध्यक्ष एडवोकेट कुमार गौरव सैनी का स्वागत-सत्कार किया।




वहीं नव नियुक्त बीजेपी चौमूं मंडल अध्यक्ष बाबूलाल बिशनालिया, जनरल फैंसी फुटवियर एवं स्टेशनरी व्यापार मंडल चौमूं अध्यक्ष पवन सैनी, प्रदेश महामंत्री गेंदीलाल सैनी, प्रदेश महामंत्री संगठन भवानी शंकर सैनी, कोषाध्यक्ष बहादुर मल सैनी,सुनील कुमार प्रवक्ता का अभिनंदन किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष घीसालाल सैनी ने समाज बंधुओ को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से ही यह 2 साल का कार्यकाल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है, मैं आगे भी समाज सेवा के लिए तत्पर रहूंगा । इस अवसर पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, सभापति विष्णु कुमार सैनी, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम तंवर, संयुक्त मंत्री एवं कोषाध्यक्ष जय नारायण चंदेल, डॉ. भगवान सहाय सैनी, रामचंद्र तूंदवाल, रामचंद्र फडया आर चन्द्रा, गणेश नारायण बैंनाडियां, डॉ.जेपी सैनी, राजकुमार ईटावा, राज डिजिटल जितेंद्र सैनी,जयपुर जिला महामंत्री सुरेश तंवर,मुकेश सैनी, मनोज सैनी आदि समाजबन्धु उपस्थित रहे।

## राजस्थान के 260 सरकारी स्कूल बंद

### 300 स्टूडेंट वाले स्कूल को कम नामांकन का मानकर किया मर्ज; 190 स्कूल बंद हो चुके

**बीकानेर(वि.सं.)।** राजस्थान में हिंदी मीडियम के 260 सरकारी स्कूलों को राज्य सरकार ने बंद कर दिया है। इससे पहले 190 स्कूलों को बंद किया गया था। ऐसे में पिछले एक सप्ताह में सरकार ने 450 स्कूलों पर ताला लगा दिया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने गुरुवार देर रात स्कूल बंद करने के आदेश पर हस्ताक्षर किए। अंग्रेजी मीडियम का कोई भी सरकारी स्कूल बंद नहीं किया गया है। कम नामांकन वाले 14 स्कूलों को बंद कर पास के दूसरे स्कूल में मर्ज किया गया है। जिसमें जयपुर, अजमेर, पाली, ब्यावर, बीकानेर, हनुमानगढ़ और जोधपुर के स्कूल शामिल हैं। इसमें कुछ ऐसे स्कूल भी है, जिसमें 300 के आस-पास लड़कियां पढ़ रही है।

# चौमूं में लॉमैन स्टोर का हुआ शुभारम्भ, मिल रहा बम्पर डिस्काउंट

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के जयपुर रोड, दौलतशाह बाबा की दरगाह के सामने लॉमैन स्टोर का भव्य शुभारम्भ हुआ। स्टोर संचालक साहिल चौधरी ने बताया कि हमारे स्टोर में मेंस वियर में कैजुअल शर्ट, टी-शर्ट, पेंट, लोअर, जैकेट, ट्रैक पैंट प्रमुख रूप से उपलब्ध हैं ।




साथ ही हमारे लॉमैन स्टोर पर एक प्रोडक्ट की खरीद पर 40% का डिस्काउंट और दो प्रोडक्ट खरीदने पर 50% का डिस्काउंट दिया जाएगा और 4999 रुपए की खरीद होने पर डिस्काउंट के साथ 500 रुपए की छूट भी दी जाएगी। बंपर डिस्काउंट की सूचना पर चौमूं शहरवासी खरीदारी को उमड़ पड़े । स्टोर में मौजूद एक ग्राहक ने बताया कि डिस्काउंट मिलने के बाद भी 500 रुपए की बंपर छूट पहली बार मिल रही है। मैंने अपने और बच्चों के लिए विंटर वियर खरीदे हैं, जो बहुत ही लाजवाब हैं ।



# भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य की भविष्यवाणी पर फिर लगी मुहर,माया सांखला बनी वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता रविंद्र आचार्य अपनी सटीक भविष्यवाणियों से प्रसिद्ध हैं। इसी कड़ी में अभी हाल ही में एक भविष्यवाणी उनकी ओर सिद्ध हुई है ।

जानकारी के लिए आपको बता दें कि अभी हाल ही में माली समाज विकास समिति चौमूं के चुनाव संपन्न हुए हैं, उसमें माया सांखला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुई है, जिनको रिकॉर्ड 759 वोट हासिल हुए थे । भविष्यवाणी सिद्ध होने पर पंडित रविंद्र आचार्य का माया सांखला पत्नी बी.एल.सैनी ने अपने निवास स्थान पर बुलाकर मान सम्मान किया और आशीर्वाद लिया। बाबूलाल सैनी ने बताया कि गुरु जी रविंद्र आचार्य जी ने पहले ही बता दिया था कि मेरी पत्नी माया सांखला रिकॉर्ड मतों से जीतेगी यह मेरी भविष्यवाणी है।

सम्मान समारोह के दौरान महेंद्र सैनी, दीपेंद्र सैनी, मनीष सैनी, आशा सैनी, डॉ. शालु सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा द्वारा प्रसारित**

**भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाइए**

''मैं आपको एक मंत्र देता हूं, जब कभी आप दुविधा में हो या आपको अपना स्वार्थ प्रबल होता दिखाई दे तो यह नुस्खा आजमा कर देखिएगा ।अपने मन की आंखों के सामने किसी ऐसे गरीब और असहाय व्यक्ति का चेहरा लाइए जिसे आप जानते हो और अपने आप से पूछिए कि आपकी करनी उसके किस काम आएगी ? क्या उसे कुछ लाभ होगा क्या ? उस काम से उसे अपना जीवन और भविष्य बनाने में कुछ मदद मिलेगी, दूसरे मायने में क्या आपकी करनी हमारे देश के लाखों-करोड़ों भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाएगी ? बस इतना सोचते ही आपकी सारी दुविधा दूर हो जाएंगी और स्वार्थ पिघल कर बह जाएगा ।''

- महात्मा गांधी

11.08.1952 (12 मार्च 1992- मैत्री से साभार)

सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के राष्ट्रीय खादी अवार्ड 2007 से सर्वोत्तम खादी संस्था के रूप में सम्मानित क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा : खादी ग्रामोद्योग की सेवा में सतत सेवारत

रामदास शर्मा
अध्यक्ष

अनिल शर्मा
मंत्री

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।